आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में जनहित के कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गये। इसी कड़ी में प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच तक एक सौ एक दशमलव पांच किलोमीटर फोरलेन एक्सेस कन्ट्रोल नेशनल हाइवे नौ सौ सत्ताइस के निर्माण को भी मंजूरी मिल गयी।

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच ये बहुत ही इम्पॉर्टेंट स्ट्रेच है। इसके फोर लेनिंग का और एक्सप्रेसवे को एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे बनाने का काम इस प्रोजेक्ट में सेंक्शन हुआ है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रदेश में सतत समृद्धि के नौ वर्ष पूरा होने पर लखनऊ में आयोजित नव निर्माण के नौ वर्ष वार्षिक पुस्तक के विमोचन में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश बॉटल नेक से ब्रेकथ्रू बन गया है।

हम लोगों ने नौ वर्षों में प्रदेश में नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरी दी हैं, जिसमें दो लाख उन्नीस हजार केवल पुलिस भर्ती हुयी है दो लाख उन्नीस हजार पुलिस भर्ती इन नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर हुयी है।

****

केंद्र और प्रदेश सरकार के बीच जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के तहत आज एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने, जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने तथा हर घर नल से जल के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल से तीन दिन के लिए प्रदेश दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान वह अयोध्या, मथुरा और वृंदावन जाएंगी। रामनगरी अयोध्या में एयरपोर्ट से श्री राम मंदिर तक राष्ट्रपति के भव्य स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वह कल अयोध्या में नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर श्रीराम यंत्र का विधि विधान से पूजन करेंगी। मथुरा–वृंदावन में भी राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए भव्य स्वागत के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

****

सरकार ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन को बीस प्रतिशत से बढ़ाकर तीस प्रतिशत करने का आह्वान किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि ऐसी स्थिति में उठाया गया कदम एलपीजी से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन–पीएनजी की दिशा में बढने में सहायक होगा।

****

केन्द्र सरकार ने विमानन कंपनियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

सरकार ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें निशुल्क चयन के लिए उपलब्ध कराई जाएं, ताकि यात्रियों को समान अवसर मिल सके। सरकार के नागर विमानन मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आस–पास की सीटों पर एक साथ बैठाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने बताया कि खेल उपकरण और संगीत वाद्ययंत्रों को ले जाने के लिए भी पारदर्शी और यात्री अनुकूल तरीका अपनाया जाना चाहिए। मंत्रालय का कहना है कि पालतू जानवरों को ले जाने के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नीति लाई जाएगी। सरकार ने यात्रियों के अधिकारों विशेषकर विमानों में विलंब होने, इसके रद्द होने और विमान पर सवार होने से रोके जाने के मामलों में भी कड़े नियमों का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एयरलाइन की वेबसाइटों, मोबाइल एप्लीकेशनों, बुकिंग प्लेटफॉर्मों और हवाई अड्डों के काउंटरों पर यात्रियों के अधिकारों का स्पष्ट उल्लेख करने को कहा है। मंत्रालय ने विमानन कंपनियों को व्यापक पहुंच और जागरुकता के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में यात्रियों के अधिकारों की जानकारी देने का भी निर्देश दिया है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

कल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है, जो सत्ताइस मार्च तक चलेगा। नवरात्र को लेकर प्रदेश भर के दुर्गा मंदिरों में विशेष साफ–सफाई और सजावट की जा रही है। मिर्जापुर के विन्ध्याचल धाम के मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर में दर्शनार्थियों के लिये खास इंतजाम किये गये हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में तरकुलहा माता और बुढ़िया माई मंदिर में विशेष तैयारी की गयी है। नवरात्र के दौरान राज्य के कई मंदिरों में पारम्परिक मेले भी आयोजित होंगे। बलरामपुर जिले के देवी पाटन शक्ति पीठ का प्रसिद्ध एक माह तक चलने वाला चैत्र नवरात्र मेला कल से शुरू हो जाएगा। जौनपुर के मां शीतला चौकिया धाम में भी भक्तों के लिये विशेष तैयारी की गयी है।

****

मौसम विभाग ने कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं पर वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी की संभावना है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भी आज कहीं कहीं पर वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना बनी हुई है।

****